**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय एवं पदमश्री वैद्य बालेंदु प्रकाश के बीच हुआ अनुबंध

पंतनगर। 26 जून 2021। विश्वविद्यालय एवं पदमश्री वैद्य बालेंदु प्रकाश, के बीच आज एक अनुबंध पर हस्ताक्षर हुए। इस कार्यक्रम में पंतनगर विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति, डा. तेज प्रताप; निदेशक शोध, डा. ए.एस. नैन, तथा पदमश्री वैद्य बालेंदु प्रकाश द्वारा अनुबंध पर हस्ताक्षर किये गये। यह अनुबंध वैद्य बालेंदु प्रकाश एवं विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से अनुसंधान करके आयुर्वेदिक चिकित्सा का उपयोग समाज के हित में करने हेतु किया गया। इस अनुबंध के अन्तर्गत पैंक्रियाटाइटिस रोग में इस्तेमाल की जाने वाली औषधि के लिए नोबल प्राइज परियोजना शुरू करने का निश्चय किया गया। इस अवसर पर कुलपति, डा. तेज प्रताप एवं मुख्य अतिथि स्थानीय सांसद, श्री अजय भट्ट के साथ स्थानीय विधायक, श्री राजेश शुक्ला, निदेशक शोध, डा. ए.एस. नैन एवं निदेशक प्रसार, डा. ए.के. शर्मा मंचासीन थे।

कुलपति, डा. प्रताप ने कहा कि यह अनुबंध विश्वविद्यालय द्वारा नये आयाम स्थापित करने में सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि यह मिशन छोटा नहीं है बल्कि भविष्य में बडे और प्रभावशाली कार्यक्रम के रूप में आगे आयेगा। उन्होंने आशा जताई कि कृषि विश्वविद्यालय और आयुर्वेद का समावेश देश के लिए एक बहुत बडा उदाहरण बनेगा और भविष्य में वैधिक कृषि के नाम से विश्वविद्यालय में महाविद्यालय भी संचालित किया जा सकेगा। मुख्य अतिथि श्री अजय भट्ट ने वैद्य जी के कार्यों के बारे में बताया और कहा कि विश्व के अग्रणीय विश्वविद्यालय के साथ यह करार भविष्य में महत्वपूर्ण करार साबित होगा।

इस अवसर पर निदेशक शोध, डा. के.एस. नैन ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा यह करार पांच वर्षों के लिए किया गया है, जो विश्वविद्यालय को अलग पहचान दिलायेगा। श्री राजेश शुक्ला ने इस करार की बधाई दी और कहा कि आयुर्वेद एवं विश्वविद्यालय भविष्य में बेहतर परिणाम प्रस्तुत करेगी।

इस अवसर पर निदेशक प्रसार, डा. ए.के. शर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूप-रेखा बतायी। इस कार्यक्रम में अधिष्ठाता कृषि, डा. एस.के. कश्यप; निदेशक संचार, डा. एस.के. बंसल; उप प्रभागीय न्यायाधीश, श्री वेद प्रकाश, व्यवसायी, श्री केशव अग्रवाल के साथ विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशक एवं अन्य वैज्ञानिक व अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डा. संजय ने किया।

*अनुबंध पर हस्ताक्षरित अनुबंध के साथ कुलपति, डा. तेज प्रताप, पदमश्री वैद्य बालेंदु प्रकाश, श्री अजय भट्ट एवं डा. एस.के. नैन।*